## न्यूज फ्लैश

### रास्ता रोककर अपहरण एवं डकैती की वारदात में शामिल छह आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली थाना** पुलिस ने रास्ता रोककर अपहरण एवं डकैती की वारदात में शामिल छह आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित योगेश, शाहिद, धीरज, सलमान, सलीम, रविंद्र निवासी नरेला दिल्ली के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मोई माजरी निवासी रोनक ने गत 6 सितंबर को पलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी गाड़ी में रात को दिल्ली के उत्तम नगर से अपने फोर-व्हीलर में 12 वाशिंग मशीन व सात फ्रिज लोड कर गोहाना के लिए चले थे। जब वह रात करीब 11 बजे नाथूपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे तो टाटा-ऐस सवार पांच-छह युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। जिससे उन्होंने अपनी गाड़ी को रोक दिया। उनकी गाड़ी के रोकते ही युवक नीचे उतरे और उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। तीन युवकों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और उन्हें अपनी गाड़ी में डाल लिया। उनको बंधक बनाकर वह सफियाबाद की तरफ चल दिए। एक बदमाश उनकी गाड़ी लेकर चल पड़ा। वह उन्हें सफियाबाद पुल के नीचे खेड़ी मनाजात रोड पर ले गए। वहां पर उन्होंने नीचे उतार दिया। उन्होंने उनकी गाड़ी से 11 वाशिंग मशीन व चार फ्रिज अपनी गाड़ी में लोड कर लिए। उनका मोबाइल व गाड़ी के कागजात भी छीन लिए गए। उसके बाद वह उन्हें छोड़कर भाग गए। बदमाश एक वाशिंग मशीन व तीन फ्रिज उनकी गाड़ी में छोड़ गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 13 सितंबर से होगी आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत : अनीश यादव

## आयुष्मान मेले, आयुष्मान सभा जैसे कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**डीसी अनीश यादव** ने कहा कि 13 सितंबर को आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत होगी, जो 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान के तहत घर.घर तक पहुंच कर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा, स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान, अंगदान की शपथ, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेले और आयुष्मान सभा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अनीश यादव ने बताया कि अभियान की शुरूआत 13 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा व राज्य स्तर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा की जाएगी। इसके साथ.साथ जिले की सभी सीएचसी, हैल्थ वैलनेस सेंटर, सिविल अस्पताल, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज, सब डिविजन अस्पताल में कार्यक्रमों का आयोजन किया



जाएगा। इस दौरान आयुष्मान भारत कार्ड के पात्रों को कार्ड वितिरित किए जाएंगे। इसके बाद आने वाले दिनों सेवा पखवाडा, स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान, अंगदान की शपथ से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी अनीश यादव ने कहा कि इस अभियान के तहत आयुष्मान मेलों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत सभी हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर सप्ताह अनुसार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें हर सप्ताह अलग.अलग बीमारियों से जुड़े पहलूओं पर जागरूता फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों द्वारा दूसरा मेला सीएचसी पर भी लगाया जाएगा। इन मेलों में मेडिकल कॉलेज के स्पेशलिस्ट व सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर शामिल होंगे और उस दिन वहीं ओपीडी की जाएगी। बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के निदेशक को आयुष्मान भवः अभियान की तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में नगराधीश अमन कुमार, डॉ. सिम्मी, डॉ. सोनिका, डॉ. किरण, डीआईओ महिपाल सीकरी, एसएमओ कृष्णकांत, एसएमओ राजेश, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 'पार्टी में सबको बोलने का अधिकार'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र** सिंह हुड्डा सोमवार को करनाल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मीटिंग के लिए पहुंचे। इससे पहले वह मंडी एसोसिएशन के प्रधान रजनीश चौधरी के घर गए और वहां व्यापारियों के साथ मीटिंग की। कांग्रेस की गुटबाजी के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस प्रजातांत्रिक पार्टी है। सभी को अपनी बात रखने का अधिकारी है। संगठन तो बनना चाहिए और ये बात कब से हम भी कह रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार और धान खरीद के मामले में लोग सरकार से दुखी हैं।

## रूपेक्षा ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शॉटपुट मुकाबले में जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की एथलीट रूपेक्षा ने 8 वीं सोनीपत जिला ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शॉटपुट मुकाबले में जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सोनीपत के तत्वावधान में सीआरए कॉलेज मैदान में आयोजित जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान लड़कियों के अंडर-14 आयु वर्ग में रूपेक्षा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की है । सोमवार को स्कूल में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा रूपेक्षा का जोरदार स्वागत किया गया । विद्यालय के



चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्रा रूपेक्षा को बधाई देते हुए उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सोनीपत के महासचिव राजीव खत्री व कंपटीशन डायरेक्टर विकास गहलावत ने भी उसे बधाई दी है। जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शॉटपुट मुकाबले में उसने अपने शानदार प्रदर्शन से अपने प्रतिद्वंदियों को काफी पीछे छोड़ दिया। अब वह हरियाणा एथलेटिक्स एसोसिएशन की तरफ से होनेवाली हरियाणा स्टेट ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पहले पिछले महीने रूपेक्षा ने जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में अंडर-17 आयु वर्ग के हैमर थ्रो मुकाबले में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया था। वह हरियाणा राज्य स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के हैमर थ्रो मुकाबले में भी सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगी ।स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि छात्रा रूपेक्षा ने शॉटपुट व हैमर थ्रो मुकाबले में अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।

## फाइनेंसर से तंग आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिले के तखाना गांव** के एक व्यक्ति ने फाइनेंसर से तंग आकर बीती रात आत्महत्या कर ली। मृतक ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। वह मजदूरी का काम करता था। पैसों के लिए तीन लोग उसे परेशान कर रहे थे, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। सोमवार को पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा गया है और शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अमृत लाल ने सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस से करीब एक साल पहले साढ़े तीन लाख रुपए का लोन लिया था, जिसकी हर माह 8200 रुपए



किस्त जाती थी। हर माह किस्त भरी जा रही थी, लेकिन पिछले महीने किसी कारण किस्त नहीं जा सकी। इसके बाद एरिया रिकवरी एजेंट ने अमृतलाल को परेशान करना शुरू कर दिया। मृतक की पत्नी शीला देवी ने आरोप लगाया है कि जब उसका पति काम पर जाता था तो 4 से 5 फाइनेंस वाले काम पर ही पहुंच जाते और गाली गलौज भी करते। फाइनेंस वाले रात को 9 बजे भी घर में आ जाते। इन लोगों ने कई बार घर को ताला लगाने की भी कोशिश की, क्योंकि घर की रजिस्ट्री लोन के तौर पर गिरवी रखी हुई थी। वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। उसने कई बार अपने पति से भी परेशानी का कारण पूछा, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया। इसी बीच बीती रात उसके पति ने जहरीला पदार्थ ले लिया। जहरीला पदार्थ खाने का कारण पूछा तो पति ने बताया कि फाइनेंस मैनेजर सचिन कलेक्शन करने वाला महावीर व कुलविंद्र व अन्य ने उसे परेशान किया हुआ है।

## किसानों ने शहर में किया जोरदार प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप से जुड़े किसानों ने सोमवार को सडकों पर उतकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए किसान सेक्टर-12 के पार्क से जिला सचिवालय तक पहुंचे। यहां पर काफी देर नारेबाजी करने के बाद किसानों ने प्रशासनिक अधिकारी को सरकार के नाम मांग पत्र सौंपा। किसान नेता मनजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा में किसानों की धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से सरकार शुरू करें, क्योंकि हरियाणा में धान कटाई शुरू हो गई है, जिसे किसानों को अपनी धान बेचने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत करीब दो दर्जन गांवों में हुए कार्यक्रम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। सोमवार को अभियान के तहत करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स ने अभियान को गति प्रदान करते हुए घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की और आमजन को अभियान के बारे में जागरूक किया। वॉलिंटियर्स ने ग्रामीणों को बताया कि हमारी मिट्टी शहीदों और वीरों की गाथाओं से भरी हुई है। न जाने कितने ही वीरों ने बिना किसी स्वार्थ के इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इन्हीं वीर-शहीदों की शौर्य गाथा को याद करते हुए यह अभियान चलाया गया है। इस दौरान गांव बुढ ?पुर आबाद, पाढा, बाहरी, चैरकारसा, पोपडा, जलमाना, उपलानी, चोंचडा, कबूलपुर खेडा, सालवन, कुरलन, बस्सी, फफडाना, गांधीनगर, बसताडा तथा मूंड सहित कई अन्य गांवों में अभियान चलाकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान वास्तव में देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा का स्मरण कराते हुए, भारत की मिट्टी और शौर्य के एकीकरण को दशार्ता है। यह कार्यक्रम अपनी मिट्टी से जुडने, अपने नायकों का सम्मान करने और इस तरह अपने मन में राष्ट्रीय गौरव की भावना भरने का कार्यक्रम है, जो निश्चित रूप से भावी पीढियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा के लि, प्रेरित करेगा। इस अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि ग्राम स्तर 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक प्रत्येक गाँव में उत्सव के माहौल में घर.घर से मिटटी या चावल अमृत कलश में ,कत्रित किए जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों को गाँव में सामूहिक पंच प्रण की शपथ दिलाई जाएगी और देश के प्रति अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों की गाथाएं दशार्ने के लिए स्कूल में शिलाफलकम लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक गाँव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

## प्रॉपर्टी डीलर के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव भठगांव के पास बड़वासनी रोड स्थित कार्यालय में प्रापर्टी डीलर की गोलियां मारकर हत्या करने मामले में पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर पांच नामजद आरोपितों सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चिकित्सकों के बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया है। मृतक के शरीर में एक गोली मिली है। वहीं तीन घाव पोस्टमार्टम में मिले है। मृतक का गोली लगने के बाद घायल अवस्था का वीडियो सोशल साइटों पर वायरल हो रहा है। वीं वारदात प्रॉपर्टी व पैसों के लेनदेन की कहासुनी में अंजाम देने की बात कही जा रही है।

यह था मामला-
गांव गढ़ी हकीकत निवासी कुलदीप ने बताया कि उसका भाई मुकेश (42) प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। वह शनिवार शाम को अपने साथियों के साथ गांव भठगांव के पास स्थित बिल्डिंग मटेरियल व प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय में सामान लेने के लिए गया हुआ था। उसी दौरान वह अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान फॉर्च्यूनर व स्विफ्ट कार में सवार होकर छह-सात हमलावर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यालय में आने के बाद पूछा कि मुकेश कौन है। हमलावरों की मंशा देखकर सभी ने किसी के मुकेश नहीं होने की बात कही। इसी बीच हमलावरों ने किसी को वीडियो कॉल कर उनके चेहरे दिखाते हुए उनमें से मुकेश की पहचान कराई। जिस पर मुकेश कार्यालय के अंदर भागकर गए और कुंडी बंद कर दी।

आरोप है कि हमलावरों ने कस्सी से दरवाजा तोड़कर अंदर की कुंडली खोल ली और फिर तीन गोली मारकर मुकेश को घायल कर दिया। हमलावरों ने उनके सिर, कमर व पैर में गोलियां मारी। उसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। साथियों ने उन्हें घायल अवस्था में बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। शनिवार को पुलिस ने चिकित्सक के बोर्ड डा. विशाल व डा. पंकज से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने मामले में पांच नामजद आरोपितों सहित अन्य के खिलाफ आर्मस एक्ट 1959 की धारा-25 आईपीसी 1860 में 120 बी, 148,149,302,427,506 के तहत आरोपित सन्नी, अक्षय, मोहित, सुरेंद्र, वीरेंद्र जैन को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने स्कूटी सवार पेट्रोल पंप मैनेजर को चपेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई** थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी स्थित लैंडमार्क फिलिंग स्टेशन के बाहर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने स्कूटी सवार पेट्रोल पंप मैनेजर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैनेजर की स्कूटी करीब 25 फीट दूर जाकर सामने खड़ी बुलेट बाइक से टकरा गई। हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गए। गाड़ी चालक उन्हें लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। चालक अस्पताल से गाड़ी सहित भाग निकले। पुलिस ने फिलिंग स्टेशन के सीनियर मैनेजर के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव जठेड़ी स्थित लैंडमार्क फिलिंग स्टेशन के सीनियर मैनेजर उमेद सिंह ने बताया कि उनके साथ उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव तुगाना निवासी सुधीर दो साल से अधिक समय से काम कर रहा था। सुधीर अपनी स्कूटी लेकर पक्षियों के लिए दाना लेने गए थे। जब वह फिलिंग स्टेशन के सामने पहुंचे तो इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह स्कूटी समेत करीब 30 फीट तक घिसटते हुए गए और हादसे के दौरान सामने आकर रुकी बुलेट बाइक से टकरा गए। जिस पर

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद नहर में गिरी, हादसे में तीन युवकों की मौत, चौथा युवक लापता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव ककरोई के पास तेज रफ्तार कर डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई और एक युवक लापता बताया जा रहा है। वहीं एक युवक को कुछ समय पहले झगड़ा होने से कार से उतार दिया गया था। जिसकी जान बच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। साथ ही हाइड्रा से कार को बाहर निकलवाया गया। पुलिस लापता युवक की तलाश कर रही है। दिल्ली के सुलतानपुरी स्थित बलबीर विहार निवासी अरविंद (38) अपने दोस्त सुलतानपुरी के मकान नंबर डी 2-432 निवासी सुखविंद्र (19), नवीन, डी 1-110 निवासी विक्रम व सुलतानपुरी के ही सुरेंद्र के साथ रविवार देर रात मुरथल स्थित ढाबे पर पराठे खाने आए थे। वहां से वह सुबह गांव भठगांव स्थित अपने दोस्त से मिलने आ गए। पांचों साथी कार में सवार होकर पश्चिमी यमुना लिंक नहर व पैरलल नहर के बीच से गुजरने वाली सडक से दिल्ली के लिए चले थे। जब वह बड़वासनी के पहुंचे तो उनकी साथी सुरेंद्र से कहासुनी हो गई। जिसमें उन्होंने उसे कार से सीएनजी स्टेशन के पास कार से उतार दिया। बताया गया है कि उसके बाद चारों दिल्ली के लिए चल दिए। दोपहर को जब वह गांव ककरोई के पास पहुंचे तो उनकी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। जहां पर हादसा हुआ है वहां पर मोड़ है। राहगीरों ने कार को नहर में गिरता देखा तो पुलिस व ग्रामीणों को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू दी। पुलिस ने हाइड्रा मंगवाकर कार को नहर से बाहर निकाला। कार के अंदर से पुलिस ने तीन शव बरामद किए। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर परिजनों से संपर्क किया। जिसके बाद शवों की पहचान सुखविंद्र, अरविंद व नवीन के रूप में हुई। विक्रम के बारे में कोई सुराग नहीं लग सका है। शवों को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। सड़क हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार में तीन युवकों के शव बरामद किए है। जानकारी मिली है कार में सवार चौथा युवक घटना के समय कार में मौजूद था या वह भी नीचे उतर गया था। उसकी तलाश को प्रयास किया जा रहा है।
सुशील , जांच अधिकारी सदर थाना।

# लम्बा खिंच रहा किसानों का आंदोलन बना चुनौती !

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तरी बाईपास पर कट एवं दूसरी कई मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसानों का आंदोलन लम्बा खिंच रहा है। तीन हफ्ते से भी अधिक समय से किसान धरने पर बैठे हैं। आंदोलित किसानों की नाराजगी जिला प्रषासन के खिलाफ लगातार बढती जा रही है। यह आंदोलन अब प्रषासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। विगत तीन हफ्ते से उत्तरी बाइपास पर कट व जर्जर उखड़ी पड़ी सड़क को बनबाने की मांगों को लेकर



धरने पर बैठे बलदेव क्षेत्र के गांव गढ़ी सुक्खा सरायसालवान किसानों ने जोरदार प्रदर्षन किया। इस दौरान बडी संख्या में महिला व पुरुषों ने धरना स्थल से यमुनाएक्सप्रेस वे तक पैदल मार्च कर शासन प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि प्रषासन हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहा है। हालांकि किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल धरना स्थल पर पहले से ही मौजूद रहा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांग नहीं पूरी होती उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि बलदेव के नगला गुखरौली, मंगना, नेरा, सेहत, बरौली, सराय सालवन आदि दर्जनों ग्राम पंचायतों के गांवों के लोग पिछले 20 दिन से रात और दिन धरने पर बैठे हैं। अधिकारी हमारी बात नहीं सुन रहे। आज तक उनकी बात सुनने को न तो कोई उच्चाधिकारी पहंचा है और न हीं विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व मंत्री ही। जबकि चुनाव के समय सभी लोग देहरी की धूल उखाड़ देते हैं। प्रदर्शन के दौरान भाकियू के जगदीश परिहार, महावन तहसील अध्यक्ष रामगोपाल तोमर, बलदेव ब्लॉक अध्यक्ष नीरेश, ओमप्रकाश चौटाला, प्रमोद पहलवान, इंद्रपाल काका, कोमल सिंह, नेत्रपाल प्रधान, छेदा लाल, पदम सिंह, रामगोपाल नेताजी, पहलाद सिंह,देवेंद्र सरपंच, पदम सिंह जाटव, विजेंद्र सिंह लंबरदार, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण जन्म महोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का धूमधाम के साथ समापन हुआ। इस पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ मंगल कलश स्थापना से हुआ। हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ, श्याम सुंदर लाल का महा अभिषेक, महा आरती, विशाल फूल बंगला एवं 56 भोग, बधाई गीत, नंद महोत्सव, ब्रजमंडल के विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विशाल नगर संकीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा गोपालानंद देव गोस्वामी महाराज ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में देश ही नहीं अपितु विदेश से भी भक्त अपने आराध्य के महोत्सव में सम्मिलित होने आए हैं। ठाकुर राधा श्याम सुंदर सप्त देवालयों में से एक मंदिर है, जो की अत्यंत प्राचीन है। नगर शोभायात्रा में वृंदावन के सप्त देवालयों के मंदिर की झांकी के साथ साथ गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के आचार्य पीठ, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अलावा देश के कोने कोने से आए भक्त सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में दिल्ली और आगरा से बुलाए गए बंद एवं झांकियां को देखकर नगर वासी मंत्र मुग्ध हो गए। नगर वासियों के द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में राधा दामोदर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज, राधा दामोदर लाल के अंग सेवक दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज, वार्ड सं. 70 के पार्षद वैभव अग्रवाल की विशेष सहभागिता रही।

## न्यूज फ्लैश

### प्राकृतिक आपदा से बचाव का साथी बनेगा दामिनी, सचेत ऐप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा द्वारा आपदाओं से होने वाली जनहानि के रोकथाम, न्यूनकीकरण तथा आम जन मानस में आपदाओं से बचाव के उपायों को साझा करने के लिए डिजिटल माध्यम से भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ़ से बचाव के उपायों को संकलित कर एक क्यूआर कोड के माध्यम से प्रेषित किया है। इस कोड को कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से स्कैन कर आपदाओं से बचाव के उपायों को अपने मोबाइल पर ही जान सकता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों से आपदाओं से हो रही जनहानि के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, इन्हें रोकने व न्यूनीकरण करने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उसी श्रृंखला में यह कोड विकसित किया गया है तथा यह भी अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक ई चित्रकला बुक भी विकसित की गयी हैं। जिससे चित्रकला के माध्यम से भूकंप, अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के बारे में जान सकें। इस ई बुकलेट को जनपद के सभी स्मार्ट क्लास संचालित स्कूल में उपलब्ध कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। प्राधिकरण द्वारा डिजिटल माध्यम से जागरूकता फैलाने का उदेश्य यह है। प्रत्येक व्यक्ति के पास मोबाइल है तथा इस संचार क्रांति का लाभ उठाते हुए आपदा जैसा महत्वपूर्ण विषय के बारे में जागरूकता फैलाना डिजिटल माध्यम से आसान होगा तथा ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति इस पहल से जागरूक हो सकेंगे। आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार ने लोगों से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक दामिनी व सचेत ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें व अपने परिचित लोगो को भी इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए जागरूक करें जिससे प्रत्येक जनपद वासी को मौसम पूर्व चेतावनी मिल सके। प्रशासन एवं जन-मानस के संयुक्त प्रयासों द्वारा आपदाओं से होने वाली हानि को कम किया जा सकता है।

### टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों ने की जमकर मारपीट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

करमन कोटवन टोल प्लाजा पर फास्ट टैग से पैसे काटने को लेकर हुए विवाद में टोल कर्मियों ने कार सवार दो भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। पीडितों का आरोप है कि टोल कर्मियों ने उनके फोन छीनकर तोड़ दिए और महिला के गले से सोने की चेन भी लूट ली। होडल पुलिस ने अज्ञात में टोल कर्मियों के खिलाफ लूट, मारपीट में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार मथुरा की मंसापुरी कॉलोनी निवासी डॉ. सतवीर सिंह डागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह नौ सितंबर की रात को गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में अपनी बेटी का इलाज कराकर कार से मथुरा लौट रहे थे। उसके साथ उनकी बेटी, पत्नी व भाई भी मौजूद थे। कार को उसका भाई हरेंद्र चला रहा था। नेशनल हाईवे 19 पर कोटवन के समीप करमन बॉर्डर टोल प्लाजा पर वह टोल कटवाने के लिए रुके। टोल कर्मियों ने कहा कि गाड़ी के फास्ट टैग में पैसे नहीं हैं। नगद राशि का दोगुना भुगतान करना होगा। इस पर उन्होंने टोल कर्मियों से कहा कि फास्ट टैग में पैसे हैं, एक बार दोबारा स्कैन करके देखलो, लेकिन टोल कर्मियों ने स्कैन करने से मना कर दिया और गाड़ी चला रहे भाई हरेंद्र से मोबाइल, गाड़ी की आरसी व चाबी छीनकर कार साइड में लगवा दी। जब इसका विरोध किया तो टोलकर्मियों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। झगड़े में दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं। उन्हें बचाने के लिए जब उसकी पत्नी गाड़ी से बाहर आई तो आरोपियों ने उनसे भी अभद्र व्यवहार कर उसके गले से सोने की चेन लूट ली। इतना ही नहीं आरोपियों ने दोनों भाइयों के पहने हुए कपड़े भी फाड़ दिया और दोनों के फोन तोड़ दिए। होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुठभेड के बाद मादक पदार्थों की तस्करी का आरोपी पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैंत पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोपी युवक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। इसके कब्जे से एक पैकेट मादक पदार्थ, एक तमंचा, चार जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक नेशनल हाईवे दो से कोटा इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ रेलवे लाइन के पास पुलिस की चौकिंग के दौरान मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्त श्याम सुंदर उर्फ नैन पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ज्योति नगर कॉलोनी अशोक रोड थाना कोतवाली जनपद मथुरा से पुलिस की मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से युवक घायल हो गया।

## कृत्रिम गभार्धान को समझने उड़ीसा से मखदूम पहुंचा 20 सदस्यीय दल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम फरह में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सोमवार को शुरूआत हुई। इस दौरान कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर चर्चा होगी। उड़ीसा से 20 पशु चिकित्सा अधिकारियों के एक दल को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा.केपी यादव ने किया। कृत्रिम गभार्धान के लाभ तथा तरीकों से अवगत कराया। संस्था के अध्यक्ष डा.मनीष कुमार चेटली ने दल के सदस्यों को संस्थान में निरंतर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान बकरी पालन व्यवसाय में आधुनिक जनन तकनीक के समावेश पर जोर दिया गया। जनसंपर्क अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पशुपालन विभाग उड़ीसा द्वारा 11 से 15 सितम्बर तक प्रायोजित इस कार्यशाला में बकरियों में कृत्रिम गभार्धान पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के समन्वयक वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.रवि रंजन एवं डा.चेतन गंगवार

## शातिर चोरों ने दुकान में कर दी 15 लाख की चोरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

चोरों ने बेहद शातिराना अंदाज में दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान में चोरी हुई है इस बात की जानकारी दुकान के मालिक को सुबह तब हुई जब वह दुकान खोलने पहुचा। दुकानदार का कहना है कि चोरी करीब 15 लाख रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ले गये हैं। घटना थाना हाईवे क्षेत्र में लाजपत नगर मोड की है। यहां कारोबारी राजकुमार अग्रवाल की दुकान है। दुकान के पीछे एक बिल्डिंग में निर्माण कार्य चल रहा है। इसी और से चोर दुकान की छत पर चढ गये और दुकान की छत पर लगे टट्ट को काट कर दुकान के अंदर प्रवेश कर गये। चोरों को इस बात की जानकारी थी कि सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।

## श्रद्धालुओं का 49 सदस्यीय दल रवाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बालाजी तीर्थ यात्रा मंडल के तत्वावधान में सोमवार को 49 सदस्यीय दल श्रीशैलम (मल्लिकार्जुन), रामेश्वरम, कन्याकुमारी की यात्रा पर रवाना हुआ। दल के सदस्यों के रवाना होने से पूर्व नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल आदि ने सभी का स्वागत किया। दल 20 सितंबर को कोसी वापस आएगा। मंडल के संयोजक सुभाष गोयल, पदम दलाल ने बताया कि इस दौरान श्रीशैलम (मल्लिकार्जुन), तिरुपति बालाजी, कांचीपुरम, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, कोडाइकनाल में प्रकृति के अनुभवों का आनंद लेगें। मदुरै में प्राचीन स्थलों के दर्शन के बाद



कोसी लौटेगें। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि जब किसी की प्रबल पुण्यवानी होती है, तब कहीं जाकर व्यक्ति को तीर्थ यात्रा करने का अवसर मिलता है और यात्रा करने के बाद वह स्वयं को धन्य मानता है। तीर्थ यात्रा करने से धर्म के प्रति आस्था में अभिवृद्धि होती है। निरोगी काया होने के साथ जीवन काल में हुए पापों का प्रायश्चित कर पाप भी धूल जाते हैं। इसी प्रेरणादायी उपदेश को दृष्टिगत रखते हुए तीर्थ यात्रा की जाती है। पूर्व चेयरमैन रोशनलाल सौखिया, निरंजन सराफ, सुनील अग्रवाल, डा. जगदीश जिंदल, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, डा. ऊषा गोयल, ओमप्रकाश बंसल, हरीश चंद एडवोकेट, मोहन श्याम सिरौलिया, सुशील गोयल, गौरव गोयल, रूचि, मंजू अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि थे।

## भाकियू चढूनी का आरोप, अनदेखी कर चिढ़ा रही सरकार

**आरोप**

▶▶केंद्र सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। देश में युवाओं के सामने बेरोजगारी की गंभीर समस्या है।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाकियू चढूनी के पदाधिकारियों ने सोमवार को आरोप लगाया कि किसान समस्याओं की अनदेखी कर सरकार किसानों को चिढ़ा रही है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के बाद किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग



करते हुए ज्ञापन सौंपा। किसान टैंक चौराहे पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि किसान लंबे समय से एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। देश में युवाओं के सामने बेरोजगारी की गंभीर समस्या है। किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, आलू किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है। दूसरी तरफ लागत मूल्य, खाद, बिजली, डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार किसानों का दोहन और शोषण करने से बाज नहीं आ रही है। सरकार एमएसपी पर कानूनी गारंटी दे वरना किसान अब सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध करेंगे।

जिलाध्यक्ष रामफल सिंह तोमर ने कहा बाढ़ प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। 15 सितंबर से धान की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। आवारा निराश्रित गोवंश से स्थाई समाधान कराया जाय। फसल के समय विद्युत कटौती बंद हो, कम से कम 18 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। नहर रजवाह सूखे पड़े हैं, सिल्ट सफाई कर टेल तक पानी की आपूर्ति की जाए। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा को लागू किया जाए। जनपद में खारे पानी की गंभीर समस्या है, ग्रामीणों को भी मीठा पानी उपलब्ध कराया जाएं। फसल के समय किसानों को डीएपी यूरिया आदि समय पर उपलब्ध कराये जायें। खाद बीज की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जाए। बैंकों में किसानों व उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भेदभाव शोषण व भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए।

## जन्म शताब्दी पर कवि शैलेंद्र को प्रशंसकों ने किया स्मरण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा में पले, पढ़े और बड़े हुए महान गीतकार शैलेंद्र विचारों की खान और संवेदना का सागर थे। उन्हें अपनी जमीन और जमीर दोनों से बेइंतहा मोहब्बत थी। जब वह गीत लिखते थे तो दुनिया के परिदृश्य में चल रही घटनाओं के साथ साथ उनकी महीन संवेदनाओं को भी अपने शब्दों से बुनते थे। उन्होंने फिल्मों में अमर गीत लिखे, जिन्हे आज भी लाखों सुनते हैं और गुनगुनाते हैं। उन गीतों से शैलेंद्र अमर रहेंगे। ये विचार रविवार को एक स्थानीय होटल में जन सांस्कृतिक मंच, भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) और जनवादी लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में मशहूर गीतकार शैलेंद्र की स्मृति में आयोजित जन्मशती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. अशोक बंसल ने व्यक्त किये। संगीतज्ञ राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल और आनंद त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ये संगीतमय कार्यक्रम मनभावन होटल गोविंद नगर में संपन्न हुआ। समाजसेवी औ? उद्योगपति दीपक गोयल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्ताव पास किया गया कि मुक्ताकाशीय रंगमंच जुबली पार्क का नामकरण गीतकार स्व शैलेंद्र के नाम पर किया जाए। स्व शैलेन्द्र का मथुरा से एक अटूट रिश्ता रहा। वह 16 साल मथुरा में रहे। इस मौके पर इप्टा के कलाकारों द्वारा शैलेन्द्र के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति ने शाम को बेहद मनोहारी बना दिया। उनकी स्मृति में प्रदर्शनी में अशोक दुबे और आलोक सैनी के बनाए शैलेंद्र के गीतों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शित किए गए। शैलेंद्र पर बनी एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद लोगों में जन सांस्कृतिक मंच से डॉ. आरके चतुर्वेदी, लेखक संघ के अध्यक्ष टिकेंद्र शाद, प्रीति अग्रवाल, इप्टा के अध्यक्ष योगेश शर्मा, विवेक मथुरिया, रवि भारद्वाज, नीतू गोस्वामी, अंजू मिश्रा, साजन चतुर्वेदी, मनोज राठौर, सौरभ इंसान, आकाश शर्मा, कैलाश वर्मा, कुलदीप, रचना आदि थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय शर्मा ने और आभार जन सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष मुरारीलाल अग्रवाल ने किया।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ व्यक्ति की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गोवर्धन थाना क्षेत्र के नीमगांव क्रासिंग के समीप ट्रेन से कटकर अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। एक अधेड़ व्यक्ति का नीमगांव रेलवे क्रासिंग के समीप रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। उसके दोनों पैर कटे हुए थे। पुलिस उसे सरकारी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम हरि बाजपेई ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक जय प्रकाश निवासी गांव पई, जुरेहरा थाना कामा (राज) का रहने वाला था। युवक की गोवर्धन में ससुराल है। युवक का कुछ दिन पहले गांव में परिवारीजनों से झगड़ा हुआ बताया गया है। जिसमें उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज बताया गया है। मरने वाले के स्वजन ने बताया कि संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हुई है।

## श्री कृष्णा बाल मेला के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान पर वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 28 से 31 अक्टूबर तक 21वां श्री कृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 आयोजित करने का निर्णय हुआ।

बैठक में परिषद संरक्षक अनुराग गोयल एवं अवधेश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से



हर वर्ष श्रीकृष्ण बाल मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें मथुरा वृंदावन के सैकड़ो विद्यालयों के हजारों बच्चे प्रतिभाग करते हैं। अध्यक्ष एवं जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल ने बताया कि बाल मेला में रचनात्मक एवं कलात्मक क्रियाकलापों को समाहित करते हुए इस वर्ष विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक, मनोरंजन एवं रंगारंग कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं विशेष रूप से कराई जा रही है। इस बार विशेष रूप से ब्रजभूमि की संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रयास बाल मेला के माध्यम से होगा। चेयरमैन नवीन चौधरी एवं उपाध्यक्ष पूर्णेन्दु गोस्वामी ने कहा कि गायन, वादन और नृत्य-संगीत के साथ बच्चों को चित्रकला, हस्तकला, मार्शल आर्ट, जूडो कराटे आदि में भी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका दिया जाएगा। इससे पूर्व बैठक में नगर के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ मंथन करते हुए सफल आयोजन के लिए उनसे सुझाव लिए गए।

# समय के साथ धर्मनगरी की कदम ताल का साक्षी रहा है मथुरा वृंदावन रेलवे ट्रेक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन से मथुरा तक विकसित किए जा रहे रेलवे ट्रैक को लेकर मथुरा वृंदावन की जनता आंदोलित है। लोगों की दिलचस्पी इस विरोध के कारणो को जानने में भी है। मथुरा वृंदावन रेलवे लाइन का इतिहतस बेहद दिलचस्प है। जयपुर घराने के राजा सवाई माधव सिंह (द्वितीय) द्वारा वृंदावन में जयपुर मंदिर (राधा माधव) का निर्माण कराया गया था। इसके लिए 1905 से 1908 के बीच जयपुर और धौलपुर से लाल पत्थरों की ढुलाई के लिए राजा सवाई माधव सिंह द्वारा तत्कालीन ब्रिटिश शासकों से विशेष अनुमति लेकर यह मीटर गेज लाइन बिछाई गई थी। मंदिर परिसर में ही अस्थायी रूप से स्टेशन भी बनाया गया था। राधा माधव मंदिर के

**रेलवे लाइन**

▶▶-1905 में जयपुर मंदिर के लिए पत्थरों की ढुलाई के लिए राजा सवाई माधव सिंह बिछवाई थी रेलवे लाइन

निर्माण में रेल से पत्थरों की ढुलाई के कारण मंदिर का निर्माण 23 मई 1917 में पूरा हुआ और इस अवसर पर ठाकुरजी का पाटोत्सव मनाया गया। इस मंदिर के निर्माण में 40 वर्ष का समय लगा था। इस रेल लाइन को अब डेढ़ सौ वर्ष के बाद गेज परिवर्तन करने का काम उत्तर मध्य रेलवे ने शुरू हुआ है। यह रेलवे लाइन मथुरा वृंदावन के बीच 12 किलोमीटर के मीटर गेज रेल ट्रैक



के रूप में थी, जिस पर कभी वृन्दावन से बैशाली एक्सप्रेस नोर्थ बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेषन तक सवारी गाड़ी के रूप में अप एण्ड डाउन किया करती थी तथा मालगाड़ी भी वृन्दावन के कुछ व्यापारियों के लिए नोर्थ बंगाल से कुछ माल लेकर आती व जाती थी। दिलचस्प बात यह है कि वृन्दावन में कुंज, छोटे पागल बाबा मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए गौर कृष्ण दास उर्फ सुरेस्वरानन्द जी ने सन 1963 में प्रथम बार एक दुर्गा की प्रतिमा को जलपाईगुड़ी से बनवा कर यहां पूजा के लिए मंगाया था। मंदिर के सेवायत नवद्वीप दास ने बताया कि मूर्ति प्रतिवर्ष वृन्दावन इसी ट्रेन के लगेज में लाई जाती रही, सन 2000 के बाद मूर्ति अब यहां नहीं आती है, क्यों कि अब सवारी गाड़ी व माल गाड़ी का चलन इस रूट पर बन्द कर दिया गया। इसके कुछ समय के बाद इस रेल रूट पर बैटरी से चलने वाली दो डिब्बों की रेल बस को शुरू किया गया जिसे तत्कालीन रेलमंत्री रामविलास पासवान ने शुरू किया था। श्रीमती हेमा मालिनी और ब्रज तीर्थ विकास परिषद् के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा ने रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल को मथुरा वृन्दावन में अनियंत्रित यातायात के समाधान के रूप में मेट्रो चलाने का प्रस्ताव दिया था, जो मथुरा और वृंदावन के बीच यात्रा को असुविधाजनक और कम समय लेने वाला बनाना है। यूपी के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा ने उनसे ह्यब्रज हेरिटेज मेट्रो ट्रेन कॉरिडोरह्ण पर भी चर्चा की थी।

**मथुरा वृंदावन के बीच रेल ट्रैक 12 किलोमीटर का है**

मथुरा वृंदावन के बीच करीब 12 किलोमीटर का रेल ट्रैक है। इस मीटर गेज को परिवर्तित करने के लिए रेलवे ने प्रोजेक्ट तैयार कर काम भी शुरू कर दिया।

रेलवे द्वारा तैयार प्रोजेक्ट के अनुसार इस ट्रैक के ब्रॉड गेज में कन्वर्ट करने के दौरान 2 आरओबी, 17 आरयूबी के अलावा 23 छोटे ब्रिज भी बनाए जाने की योजना है। इस ट्रैक पर 6.6 किलोमीटर का एलिवेटेड एंबेंकमेंट ट्रैक रहेगा इसके अलावा 4.5 किलोमीटर लेबल ट्रैक बनाया जायेगा।

**2 स्टेशनों के साथ 4 हॉल्ट स्टेशन भी प्रस्तावित**

मथुरा वृंदावन के बीच गेज ट्रैक परिवर्तन के बाद इस रूट पर 4 हॉल्ट स्टेशन के साथ 2 रेलवे स्टेशन बनाए जाने की योजना थी। मथुरा जंक्शन से शुरू होने वाले इस रेल ट्रैक पर पहला हाल्ट स्टेशन शिव ताल पर होता। इसके बाद श्री कृष्ण जन्मस्थान और फिर मसानी पर क्रॉसिंग रेलवे स्टेशन बनाया जाना था। यहां से आगे चामुंडा देवी मंदिर के पास और चैतन्य विहार वृन्दावन में हाल्ट स्टेशन बनना था। अंत में वृंदावन स्टेशन टर्मिनल विकसित करने की योजना थी।

